पत्रांकः–भवन/स्था0–04–10–15/2026.....10136(M).....

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नंदन सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

स्मार–पत्र

सभी अधीक्षण अभियंता,
(भवन अंचल, छपरा/आरा/मुंगेर/सहरसा/गयाजी/मुजफ्फरपुर/भागलपुर/
अग्रिम योजना अंचल/निदेशक अनुश्रवण–सह–मूल्यांकन–सह–क्रय कोषांग/
निरूपण अंचल सं0–01, पटना/विद्युत भवन अंचल (उत्तर बिहार) को छोड़कर,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः– 28/10/26

विषयः– क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग के वरीयता निर्धारण करने के सबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–9545 दिनांक–08.10.2026.

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग के कर्मियों की वरीयता निर्धारण करने के क्रम में आपसे प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में विहित प्रपत्र में सूची संधारित की गयी है जिसकी छायाप्रति संलग्न कर विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किया गया है। सूची के अवलोकन से विदित होगा कि कतिपय कर्मियों से संबंधित पूर्ण सूचना अंकित नहीं है।

अतः वर्णित स्थिति में अनुरोध है कि इस ओर निजी ध्यान देकर उक्त प्रपत्र में अपने एवं अधीनस्थ कार्यालय में कार्यरत कर्मियों से संबंधित अंकित सूचना की जाँच करते हुए प्रपत्र में रिक्त स्थान की सूचनाएँ अंकित करते हुए विहित प्रपत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में दिनांक–29.10.2026 को 4:00 पूर्वाह्न/अपराह्न में उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाए।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन,
27.10.26
(अवधेश नन्दन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।